GOVERNOR'S SECRETARIAT, BIHAR

RAJ BHAVAN, PATNA - 800022

APPEAL BEFORE THE FIRST APPELLEATE AUTHORITY UNDER SECTION 19 OF RTI ACT

APPEAL NO - 78 / 2024-25

Shri Gajendra Kumar Singh, Vill. +P.O. - Babhaniyanv, P.S. - Jagdishpur, Dist.- Bhojpur, Pin Code- 802158, Bihar

..... Appellant

Versus

Public Information Officer, Governor's Secretariat, Bihar, Patna

..... Respondent

Sl. No.	Date	ORDER
01	23.10.2024	The PIO, Governor's Secretariat, Bihar is directed to submit the action taken on report the information sought by the appellant. Put up with up to date action taken status report on 12.11.2024 for further hearing. Let it be informed to all the concerned. Kanishka 23/10/24 University Inspector -Cum- First Appellate Authority

Memo-.....1861.....   Date-...23.10.2024

Copy to :- **The Public Information Officer**, Governor's Secretariat, Patna/ **Shri Gajendra Kumar Singh, Vill. +P.O. - Babhaniyanv, P.S. - Jagdishpur, Dist.- Bhojpur, Pin Code- 802158, Bihar / IT Manager, NIC, Raj Bhavan** for uploading it on website of Raj Bhavan.

Kanishka 23/10/24

University Inspector

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

प्रथम अपील वाद संख्या-78 (लो.सू.अ.)/2024

श्री गजेन्द्र कुमार सिंह, ग्राम एवं पोस्ट-बभनियांव, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर, पिन-802158

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-19 (1) के अधीन)

क्रम संख्या एवं दिनांक	आदेश	आदेश पर की गयी कार्रवाई के सम्बन्ध में टिप्पणी-दिनांक सहित
03 07.01.25	दिनांक-20.12.24 के आदेश (ज्ञापांक-2328 दिनांक-24.12.25 के माध्यम से उभय पक्षों को संसूचित) के आलोक में अपीलांट एवं लोक सूचना पदाधिकारी उपस्थित। **2.** मूल सूचनावेदन (प्रपत्र 'क') के अवलोकन से यह विदित होता है कि अपीलांट द्वारा दिनांक-09.09.24 को राज्यपाल सचिवालय, बिहार को प्रेषित अपने आवेदन पर कृत कार्रवाई के सम्बन्ध में सूचना की माँग की गयी थी अपीलांट ने दिनांक-09.09.24 के अपने पूर्वोक्त आवेदन की छाया-प्रति इस अपील वाद की सुनवाई के दौरान उपलब्ध कराई गयी है जिसे अभिलेख में ग्रहण किया गया। **3.** अपीलांट की पूर्वोक्त सूचना की माँग के आलोक में लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा अपने पत्रांक-281 दिनांक-25.11.24 के माध्यम से पूर्व में सूचित किया गया था कि उनका दिनांक-09.09.24 के आवेदन से सम्बंधित संचिका उच्चस्तर पर उपस्थापित है तथा संचिका में कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। सुनवाई के क्रम में अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में पूछे जाने पर लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अपीलांट के दिनांक-09.09.24 के पूर्वोक्त आवेदन को राज्यपाल सचिवालय, बिहार के पत्रांक-2010 दिनांक-25.11.24 के माध्यम से कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के साथ ही कुलसचिव, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया जा चुका है और इस प्रकार सूचना की माँग पूरी हो चुकी है। **4.** वर्णित तथ्यों से यह स्पष्ट है कि सूचना की माँग के अनुरूप सूचना प्रेषित की जा चुकी है। अतः इस अपील वाद को निष्पादित किया जाता है। **5.** आदेश की प्रति अपीलांट को निःशुल्क स्पीड-पोस्ट से तथा लोक सूचना पदाधिकारी को पत्र-वितरण पंजी के माध्यम से प्रेषित की जाये और इसे राज्यपाल सचिवालय के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु आई.टी. प्रबंधक को भी उपलब्ध कराई जाये। **ह./-** (संजय कुमार मिश्र) अवर सचिव (विधायी)-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकारी	

प्रतिलिपि:

कृ.पृ.उ.

ज्ञापांक 806 दिनांक 07.02.2025

1. श्री गजेन्द्र कुमार सिंह, ग्राम एवं पोस्ट-बभनियांव, थाना-जगदीशपुर, जिला-भोजपुर, पिन-802158;
2. लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना; एवं
3. आई.टी. प्रबंधक, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.02.25

अवर सचिव (विधायी)-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकारी

कृ.पृ.उ.